## समीक्षा बैठक में ठेकेदारों को दिये निर्देश

# निर्माण कार्य शनिवार तक प्रारंभ हो जाएं : कलेक्टर

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम



शहर में नगर निगम द्वारा बड़ी संख्या में कार्य स्वीकृत किए गए हैं परंतु कार्य होते दिखाई नहीं दे रहे हैं सभी इंजीनियर और ठेकेदार यह सुनिश्चित करें कि जितने भी स्वीकृत कार्य हैं वे सभी कार्य आगामी शनिवार तक हर हाल में प्रारंभ हो जाए अन्यथा ठेकेदार की अर्नेस्ट मनी जप्त कर ली जाएगी उसे ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाएगा।

उपरोक्त निर्देश कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम के ठेकेदारों को बैठक में दिए, बुधवार शाम सिविक सेंटर सभाकक्ष में आयोजित बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख सुरेश चंद्र व्यास सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर द्वारा नगर निगम के सड़क निर्माण, नाली, पेवर निर्माण आदि कार्यों की समीक्षा की गई

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरुषोत्तम ने कहा कि जो वर्क आर्डर जारी हो चुके हैं परंतु अनुबंध नहीं हुआ है उन ठेकेदारों को अनुबंध संपादित करके दो दिवस में कार्य प्रारंभ करना होगा।

बैठक में बताया गया कि शहर में जो सड़कें निर्माणाधीन हैं उनमें मॉर्निंग स्टार स्कूल से टैंकर रोड तक सीसी सड़क कार्य इंद्रलोक नगर मेन रोड पर डामरीकरण डोंगरे नगर पानी की टंकी के पास सीसी निर्माण तथा मुक्तिधाम से गुरु राम दास होते हुए देवरा देवनारायण तक डामरीकरण सम्मिलित है। इसके अलावा विनोबा नगर टंकी से ग्लोबस गेट तक डामरीकरण जय बाबा स्कूल वाली सड़क पर डामरीकरण अंबे माता चौक से राधे कृष्ण मंदिर होते हुए साई बिल्डिंग तक डामरीकरण सड़क निर्माण एवं 80 फीट रोड से रत्नपुरी तक डामरीकरण कार्य के कार्य आदेश जारी कर दिए गए हैं बताया गया कि सुयोग परिसर से पी एम ए वाई बिल्डिंग मुखर्जी नगर तक सीसी सड़क निर्माण पद्मश्री बार सैलाना रोड से कस्तूरबा नगर गली नंबर 6 तक सीसी रोड निर्माण तथा रॉकेट लॉन्ड्री से आरोग्य हनुमान मंदिर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया गया है।

बताया गया कि डामर एवं पेवर ब्लॉक के प्रथक प्रथक प्राक्कलन तैयार करके जिन कार्यों की स्वीकृति ली जाना है। उनमें डालू मोदी बाजार से गणेश देवरी तक डामरीकरण एवं पेवर ब्लॉक रानी जी के मंदिर से हरदेव लाला की पीढ़ी तक सड़क डामरीकरण तथा पेवर ब्लॉक रानी जी के मंदिर से नाहरपुरा चौराहा तक सड़क डामरीकरण तथा पेवर ब्लॉक स्थापना नीम चौक में सड़क डामरीकरण तथा पेवर ब्लॉक स्थापना माणक चौक क्षेत्र में डामरीकरण तथा पेवर ब्लॉक कार्य डालू मोदी बाजार से घास बाजार तक सड़क डामरीकरण तथा पेवर ब्लॉक स्थापना कार्य बजाज खाना रोड पर सड़क डामरीकरण एवं पेवर ब्लॉक स्थापना कार्य चांदनी चौक से घास बाजार तक सड़क डामरीकरण तथा पेवर ब्लॉक स्थापना कार्य शहीद चौक से रानी जी के मंदिर तथा गणेश देवरी तक डामरीकरण तथा पेवर ब्लॉक स्थापना कार्य शामिल हैं।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, अनवर कुरेशी, निज सहायक सुभाश गोयल, सहायक वर्ग 3 कैलाश गेहलोत सहित निर्माण कार्यों के ठेकेदार उपस्थित थे। प्रसारण

प्रसारण/ 3/3/22

पशु प्रेमियों ने पकड़े गए श्वानों को वाहन से निकालकर भगाया तो रहवासियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपर कलेक्टर से की शिकायत

# श्वानों को पकड़ने की बात पर मचा हंगामा, मौके पर मौजूद थाना प्रभारी क

पत्रिका सिटी हैपनिंग

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के अजंता टॉकीज रोड पर बुधवार की सुबह आवारा श्वान पकड़ने की बात को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। नगर निगम कि गाड़ी जब बधियाकरण के लिए श्वानों को पकड़ने गई तो पशु प्रेमियों ने यहां पहुंचकर जमकर बखेड़ा खड़ा कर दिया। इस बात को लेकर उनका और क्षेत्रीय रहवासियों का जमकर विवाद भी हुआ। इस दौरान पशुप्रेमियों ने पकड़ाए गए श्वानों को भी गाड़ी से निकालकर भगा दिया। जब इस बात का स्थानीय लोगों ने विरोध किया तो पशु प्रेमियों में शामिल कुछ लोगों ने बदसलूकी करना शुरू कर दी।

खास बात यह है कि इस पूरे हंगामे के दौरान थाना स्टेशन रोड के निरीक्षक मौके पर ही मौजूद रहे जिनके सामने यह सब चलता रहा लेकिन वे भी बेबस खड़े होकर लोगो को समझाते नजर आ रहे थे। इस बात से नाराज क्षेत्र के रहवासी



बाद में कलेक्टर कार्यालय जा पहुंचे और वहां पर इसकी शिकायत अपर कलेक्टर एमएल आर्य से की, जिस पर एडीएम ने निगम आयुक्त को बधियाकरण कि कार्रवाई में रुकावट डालने वालों के खिलाफ



सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। रहवासियों की माने तो एक महिला के द्वारा विवाद शुरू किया गया था और बाद में उसके द्वारा कुछ अन्य महिलाओं को बुलाकर रहवासियों से बदसलूकी की गई।

आज श्वानों
लिए गाड़ी
कहा कि सभी
जाओ तो एक
सभी को नहीं
ऑपरेशन होना
जाएंगे और वाप
उनके द्वारा पुलि
एनजीओ के लो
विवाद किया। ग
को भगा दिया
है। बाहर की म
दादागिरी की है

निरंजन, क्षेत्रीय

पत्रिका 3/3/22

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 मार्च को

रतलाम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 12 मार्च 2022 शनिवार को नेशनल लोक अदालत के तहत बकाया राशि जमा कराने हेतु नगर निगम कार्यालय में फायर स्टेशन भवन के पास संपत्तिकर व जलकर काउंटर तथा जिला न्यायालय परिसर में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है।

आयोजित नेशनल लोक अदालत में सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपये पचास हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपये दस हजार तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपये पचास हजार से अधिक तथा रुपये एक लाख तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपये दस हजार से अधिक तथा रुपये पचास हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपये एक लाख से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपये पचास हजार से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट।

उक्त छूट मात्र एक बार ही दी जायेगी। यह छूट वर्ष 2020-21 तक की बकाया राशि पर ही देय होगी। यह छूट मात्र 12मार्च 2022 की नेशनल लोक अदालत के लिये मान्य होगी।

नगर निगम ने संपत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों से अपील की है कि 12 मार्च 2022 शनिवार को आयोजित एक दिवसीय लोक अदालत के तहत नगर निगम कार्यालय में फायर स्टेशन भवन के पास संपत्तिकर व जलकर काउंटर तथा जिला न्यायालय परिसर में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (सरचार्ज) में छूट का लाभ उठावें।

अग्रसर

अग्रसर 3/3/22

...न से निकालकर भगाया तो रहवासियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपर कलेक्टर से की शिकायत

# ...की बात पर मचा हंगामा, मौके पर मौजूद थाना प्रभारी की भी नहीं चली





... रहवासियों का ...हुआ। इस दौरान ...ए गए श्वानों को ...कर भगा दिया। ...स्थानीय लोगों ने ... पशु प्रेमियों में ...ों ने बदसलूकी ...।

... है कि इस पूरे ...ना स्टेशन रोड के ...र ही मौजूद रहे ... सब चलता रहा ...बस खड़े होकर ... नजर आ रहे थे। ... क्षेत्र के रहवासी बाद में कलेक्टर कार्यालय जा पहुंचे और वहां पर इसकी शिकायत अपर कलेक्टर एमएल आर्य से की, जिस पर एडीएम ने निगम आयुक्त को बधियाकरण कि कार्रवाई में रुकावट डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। रहवासियों की माने तो एक महिला के द्वारा विवाद शुरू किया गया था और बाद में उसके द्वारा कुछ अन्य महिलाओं को बुलाकर रहवासियों से बदसलूकी की गई।

आज श्वानों को पकड़ने के लिए गाड़ी आई थी, तो हमने कहा कि सभी को पकड़ कर ले जाओ तो एक युवती ने कहा कि सभी को नहीं ले जाएंगे जिनका ऑपरेशन होना है सिर्फ वहीं श्वान जाएंगे और वापस यहीं पर आएंगे। उनके द्वारा पुलिस को और एनजीओ के लोगों को बुलाया और विवाद किया। गाड़ी खोलकर श्वानों को भगा दिया जो कि बहुत गलत है। बाहर की महिलाओं ने आकर दादागिरी की है।

**निरंजन,** क्षेत्रीय रहवासी

श्वानों से त्रस्त होकर कलेक्टर कार्यालय आए है। आवारा श्वानों का झुंड है, आने-जाने वालों के साथ बच्चों पर वह झपटते है। ज्यादा परेशान होने पर नगर निगम को शिकायत की थी जिस पर निगम की गाड़ी पकड़ने के लिए आई थी और श्वानों को पकड़ा भी था। इस पर क्षेत्र की एक महिला आई और दो-तीन अन्य महिलाओं को बुलाकर अपशब्द कहे। अपर कलेक्टर ने कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**जितेंद्र जैन,** क्षेत्रीय रहवासी

पत्रिका 3/3/22

**विवाद** • अजंता टॉकीज क्षेत्र में कुत्तों को पकड़ने के दौरान रहवासी और जीवदया वाले उलझे

# एक माह में 12 लोगों को काट चुके हैं कुत्ते, रहवासियों की अपील पर पकड़े तो जीवदया वालों ने छुड़वा दिए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नसबंदी के लिए अजंता टॉकीज क्षेत्र के आवारा कुत्तों को पकड़ने के दौरान विवाद हो गया। नगर निगम की टीम कुछ कुत्तों को पकड़कर ले जा रही थी। रहवासी बोले एक माह में 10 से 12 लोगों को कुत्ते काट चुके हैं। सारे पकड़कर ले जाओ।

उधर शिल्पा जोशी नामक स्थानीय जीव प्रेमी की सूचना पर जीवदया समिति के कई लोग आ पहुंचे और कुत्तों को पकड़ने का विरोध करने लगे। रहवासी और जीवदया वालों के बीच जमकर विवाद हुआ। हंगामा बढ़ा तो स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह और पुलिस जवानों के साथ स्टेशन रोड थाना प्रभारी किशोर पाटनवाला पहुंचे। बावजूद दोनों पक्ष मानने को तैयार नहीं हुए। जीवदया वालों ने गाड़ी में बंद कुत्तों को छुड़वा लिया। रहवासियों के साथ अफसर और थाना प्रभारी देखते रह गए। बाद में गुस्साए क्षेत्र के रहवासियों ने घटनाक्रम की कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी अभिषेक तिवारी, आयुक्त सोमनाथ झारिया के नाम लिखित शिकायत कर कार्रवाई करने को कहा है। इनमें पारसचंद्र वया, नवीन व्यास, संजय लाड, सुजान भंडारी, जितेंद्र जैन समेत बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रहीं।

## अब तक 1800 कुत्तों की नसबंदी



कुत्तों को छुड़वाती जीवदया कार्यकर्ता।

जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में बने नसबंदी केंद्र में 1800 कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है। शुरुआत दिसंबर में हुई थी। फिलहाल संतुलन जीव कल्याण संस्था के आठ लोगों का स्टाफ कुत्तों की नसबंदी कर रहा है। इसके लिए रोज सुबह 5 बजे हर वार्ड से 25 कुत्तों को पकड़कर केंद्र पर लाया जा रहा है। इसकी एक कमेटी द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है। समिति आशा गुप्ता, सरोज गुप्ता, अर्पित उपाध्याय व अन्य शामिल हैं।

दै. भास्कर 3/3/22

# कुत्ते पकड़ने की बात को लेकर विवाद

रतलाम। अजंता टॉकीज रोड पर आज कुत्ते पकड़ने की बात को लेकर हंगामा हो गया। नगर निगम की गाड़ी बधियाकरण के लिए कुत्ते पकड़ने पहुंची थी। जिस रोककर पशु प्रेमियो ने बखेडा खड़ा कर दिया वहीं डॉग बाइटिंग से परेशान रहवासियों और पशु प्रेमियों के बीच जमकर विवाद किया। इस दौरान पशुप्रेमियो ने पकड़ाए गए कुत्तों को भी गाड़ी से जबर्दस्ती निकालकर भगा दिया। स्थानीय लोगों ने इस बात का विरोध किया तो पशु प्रेमियो ने स्थानीय महिलाओं से जमकर बदसलूकी कि और जमकर धमकाया। यह सब हंगामा स्टेशन रोड़ थाना प्रभारी के सामने चलता रहा लेकिन वे भी बेबस खड़े होकर लोगो को समझाते नजर आए। दरअसल रतलाम में आवारा कुत्तों के बधियाकरण के प्रोजेक्ट पर काम चल रहा हैं। रतलाम के अजंता टॉकीज़ रोड पर जैसे ही आज आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए नगर निगम की गाड़ी पहुंची तो व्रहां मौजूद पशु प्रेमियो ने हंगामा खड़ा कर दिया। बाद में विवाद इतन्रा बढ़ा कि मामला पुलिस थानेऔर अपर कलेक्टर के पास पहुंच गया। पशु प्रेम के नाम पर बदतमीज्री करने वाले लोगों से नाराज रहवासियों ने अपर कलेक्टर से मामले कि शिकायत कि है। जिस पर एडीएम ने निगम आयुक्त को बधियाकरण की कार्रवाई में रुकावट डालने वालो के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए है।

प्रसारण 3/3/22

# रतलाम : अमृत सागर तालाब में कर सकेंगे बोटिंग, मंदिर वाली पाल पर बनेंगे व्यू डैक

## 12.47 करोड़ रुपए से होगा सौंदर्यीकरण, जलकुंभी कर रहे साफ, अप्रैल से शुरू होगा काम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

15 साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार प्राचीन अमृत सागर तालाब की सूरत अप्रैल से बदलने लगेगी। सौंदर्यीकरण पूरा होने के बाद पर्यटक बोटिंग का आनंद उठा सकेंगे। श्री गढ़कैलाश महादेव मंदिर से मोतीनगर तिराहे तक की पाल पर गैबियन वॉल (जैसे समुद्र के किनारों पर बड़े पत्थर डालकर बनाई जाती है) भी बनेगी। इसके ऊपर सात व्यू डैक बनेंगे। इस पर खड़े होकर पर्यटक तालाब का नजारा ले सकेंगे। तब तक जलकुंभी साफ हो जाएगी। उसे हटाने का काम दिसंबर 2021 से चल रहा है। शेष | पेज 5 पर

### ऐसे पर्यटन स्थल में बदलेगा प्राचीन अमृत सागर तालाब

**एंट्री गेट :** 2, पहला अमृत सागर बगीचे के पास, दूसरा मोतीनगर तिराहे पर

**कंस्ट्रैक्टेड वेटलैंड :** गोशाला और दीनदयाल नगर तरफ से आने वाले नाले पर बनेंगे

**लोहे की रैलिंग :** 1500 मीटर लंबी, तालाब की पाल के सहारे लगेगी

**गैबियन वॉल :** 300 मीटर लंबी गढ़कैलाश मंदिर से मोतीनगर तिराहे तक सड़क का कटाव रोकने बड़े-बड़े पत्थर डालकर बनाई जाएगी

**रिटेनिंग वॉल :** 300 मीटर लंबी, मंदिर से मोती नगर तिराहे तक जा रही सड़क के दूसरी तरफ बनेगी।



अमृत सागर तालाब की जलकुंभी साफ करती मशीन।

**स्टोन पिचिंग :** अमृत सागर बगीचे से मोती नगर तक और बोहरा बाखल वाली पाल को मजबूत बनाने करेंगे।

**टॉयलेट ब्लॉक :** 2, बगीचे और पाल के किनारे

**व्यू डैक :** 7 व्यू डैक गैबियन वॉल के यहां बनेंगे।

**अन्य :** बोटिंग प्लेटफॉर्म, वाच टॉवर, एडमिन ऑफिस, 7 दुकानें, दो पार्किंग एरिया, 5 गजेबो बैठने के लिए व बैंच।

भास्कर

### रतलाम : अमृत सागर तालाब में कर सकेंगे बोटिंग, मंदिर वाली पाल पर...

इतना ही नहीं गोशाला रोड और दीनदयालनगर तरफ से आने वाले नालों का पानी साफ होकर ही तालाब में मिलेगा। ऐसा होगा नालों पर बनने वाले कंस्ट्रक्टेड वेटलैंड से, इससे गुजरने पर गंदा पानी साफ हो जाएगा। इसके अलावा पर्यटकों के लिए कई सुविधाएं जुटाई जाएंगी। इन सब कार्यों पर 12.43 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बुधवार को नगर निगम ने टेंडर निकाल दिए हैं। 2007 से चल रही तालाब सौंदर्यीकरण की योजना 2019 में बंद हो गई थी। विधायक चेतन्य काश्यप ने केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से बात कर योजना को मंजूरी दिलवाई थी। झील संरक्षण योजना के तहत मंजूर हुआ पूरा प्रोजेक्ट 22.84 करोड़ का है।

**0.18 वर्ग किमी में फैले तालाब से अब तक निकल चुकी 900 ट्रॉली जलकुंभी-** सालों से तालाब में फैली जलकुंभी निकालने का काम दिसंबर से 2.90 करोड़ की एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन से किया जा रहा है। 0.18 वर्ग किमी में फैले तालाब में से 2700 क्यूबिक मीटर (लगभग 900 ट्रॉली) जलकुंभी निकाली जा चुकी है। गाद निकालने के लिए ड्रेजिंग मशीन खरीदने की भी योजना थी, जो फिलहाल रोक दी है।

**2023 तक पूरा हो जाएगा प्रोजेक्ट-** तालाब सौंदर्यीकरण का काम 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है। केंद्र सरकार ने पहली किस्त में 6.85 करोड़ रुपए का अनुदान राज्य सरकार को दे दिया है। इसमें से 4 करोड़ रुपए का चेक पिछले साल फरवरी में आए मुख्यमंत्री ने निगम अफसरों को सौंपा था। इससे ही हार्वेस्टर मशीन खरीदी है।

*अमृत सागर तालाब सौंदर्यीकरण हमारी प्राथमिकता है। 22 मार्च को टेंडर खुलेंगे। संभवत : अप्रैल के पहले या दूसरे सप्ताह में काम शुरू हो जाएगा। इससे आसपास की 11 कॉलोनियों के रहवासियों को जलकुंभी, गंदे पानी और उसकी बदबू से छुटकारा मिलेगा, वहीं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।*

**चेतन्य काश्यप,** विधायक

दे. भास्कर 3/3/22

# भाजपा को भारी पड़ सकता है, नगर निगम का वसूली अभियान

**रतलाम।** खबर है कि नगर निगम द्वारा अब शहर में ऐसे भवनों को चिन्हित किया जा रहा है, जिन्हें रहवासी उद्देश्य की अनुमति लेकर बनाया गया, लेकिन उनका उपयोग व्यावसायिक गतिविधि के लिए किया जा रहा है। ऐसे भवनों के मालिकों से निगम जुर्माना वसूलेगा। इससे पूर्व शहर में अनुमति के विपरीत हुए अवैध निर्माण को वैध करने के लिए वसूली अभियान चल चुका है। कुल मिलाकर नगर निगम इन दिनों चौतरफा वसूली में लगा है, यदि यही क्रम चलता रहा तो राजनीतिकों का कहना है कि इसकी कीमत चुनाव में भाजपा को चुकानी पड़ सकती है।

शहर में नगर निगम पिछले कई महीनों से कमाई में ही लगा दिख रहा है। पहले अवैध कॉलोनियों का अभियान चला, फिर एमओएस का पालन नहीं करने और अनुमति से विपरीत निर्माण करने वालों पर कार्यवाही हुई। इस अभियान का कार्य अभी चल ही रहा है और अब रहवासी अनुमति पर व्यावसायिक गतिविधि के खिलाफ अभियान शुरू होने वाला है। इस अभियान में नगर निगम द्वारा ऐसे व्यावसायिक भवनों की नपती भी की जा रही है, जिन्हें अनुमति से अधिक क्षेत्रफल में निर्माण कार्य किया गया है। निर्माण अधिक पाए जाने की स्थिति में भी जुर्माना लगाकर वसूली की जाएगी।

दरअसल रतलाम शहर ही नहीं पूरे जिले के नगरीय क्षेत्रों में ऐसे कई मकान हैं जिनका निर्माण घरेलू उपयोग की अनुमति लेकर किया गया है, लेकिन उनका उपयोग व्यावसायिक हो रहा है। ऐसे भवन बहुतायत में हैं, क्योंकि अधिकांश घरों में आमदनी के लिए दुकानें बना दी गई हैं। ऐसी स्थिति में निगम की कार्यवाहीं से कई लोग प्रभावित होंगे और उसका खामियाजा आखिरकार प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा को उठाना पड़ सकता है।

**विपक्ष कमजोरी से सत्तापक्ष के हौंसलें बुलंद**

राजनीतिकों की माने तो शहर सहित पूरे प्रदेश में विपक्ष की कमजोरी सत्तापक्ष के हौंसले बुलंद कर रही है। शहर में कांग्रेस किसी भी मुद्दे पर भाजपा की घेराबंदी नहीं कर पा रही है, नतीजतन लगातार ऐसे अभियान चल रहे हैं, जिनसे आम जनता सीधे प्रभावित हो रही है। आम जनता संगठित नहीं होने से प्रशासन की कार्यवाहियों का विरोध नहीं कर पाती है। इससे एक के बाद एक उठाए जा रहे नए कदमों से आमजन असहाय महसूस कर रहे हैं।

उपग्रह 3/3/22

# स्वीकृत कार्य शनिवार तक शुरू करें, वरना ठेकेदार की अर्नेस्ट मनी जब्त होगी

## कलेक्टर पुरुषोत्तम ने निगम के ठेकेदारों को दिए निर्देश

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम ने कार्य तो बहुत स्वीकृत कर दिए लेकिन होते दिखाई नहीं दे रहे। इंजीनियर और सारे ठेकेदार अच्छी तरह सुन लो.जितने भी स्वीकृत काम है, वे सभी शनिवार तक चालू हो जाना चाहिए। वरना ठेकेदार की अर्नेस्ट मनी जब्त कर ली जाएगी। उसे ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम सिविक सेंटर सभाकक्ष में कलेक्टर बोले ऐसे कार्य जिनमें वर्क ऑर्डर होने के बाद अनुबंध नहीं हुआ है तो दो दिन में सारे काम निपटाकर काम शुरू करेंगे। शनिवार को निरीक्षण कर काम की स्थिति देखूंगा। साइट पर उपयंत्री और ठेकेदार दोनों मौजूद रहे। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री मो. हनीफ शेख, सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि मौजूद रहे।

भास्कर

### इन काम के वर्क ऑर्डर निकल चुके

- विनोबा नगर टंकी से ग्लोबस कॉलोनी गेट तक डामरीकरण
- जय बाबा स्कूल वाली सड़क
- अंबे माता चौक से राधे कृष्ण मंदिर होते हुए साईं बिल्डिंग तक
- 80 फीट रोड से रत्नपुरी तक

### डामरीकरण कर ब्लॉक लगाएंगे

- डालू मोदी बाजार से गणेश देवरी तक
- रानी जी के मंदिर से हरदेव लाला की पीपली तक
- रानी जी के मंदिर से नाहरपुरा चौराहा तक
- नीम चौक रोड
- माणक चौक क्षेत्र
- डालू मोदी बाज़ार से घास बाजार तक
- बजाज खाना रोड पर
- चांदनी चौक से घांस बाजार
- शहीद चौक से रानी जी मंदिर गणेश देवरी तक

दै. भास्कर 3/3/22

**कलेक्टर बोले स्वयं करूंगा निरक्षण**

# काम शुरू नहीं हुए तो ठेकेदार की अर्नेस्टमनी जब्त की जाएगी

रतलाम. शहर में नगर निगम द्वारा बड़ी संख्या में कार्य स्वीकृत किए गए हैं लेकिन कार्य होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। सभी इंजीनियर और ठेकेदार यह सुनिश्चित करें कि जितने भी स्वीकृत कार्य हैं वे सभी कार्य आगामी शनिवार तक हर हाल में शुरू हो जाए अन्यथा ठेकेदार की अर्नेस्ट मनी जप्त कर ली जाएगी और उसे ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाएगा। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बुधवार शाम सिविक सेंटर में आयोजित बैठक में नगर निगम के ठेकेदारों को दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया भी मौजूद रहे।

बैठक में कलेक्टर द्वारा नगर निगम के सड़क निर्माण, नाली, पेवर निर्माण आदि कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने ने कहा कि जो वर्क आर्डर जारी हो चुके हैं लेकिन अनुबंध नहीं हुआ है, उन ठेकेदारों को अनुबंध संपादित करके दो दिवस में कार्य प्रारंभ करना होगा। आगामी शनिवार को स्वयं निरीक्षण करूंगा। उस दिन साइट पर उपयंत्री के साथ ठेकेदार भी मौजूद रहे।

### यह सड़कें हैं निर्माणाधीन

बैठक में बताया गया कि शहर में जो सड़कें निर्माणाधीन हैं, उनमें मॉर्निंग स्टार स्कूल से टैंकर रोड तक सीसी सड़क कार्य, इंद्रलोक नगर मेन रोड पर डामरीकरण, डोंगरे नगर पानी की टंकी के पास सीसी निर्माण तथा मुक्तिधाम से गुरु राम दास होते हुए देवरा देवनारायण तक डामरीकरण सम्मिलित है। इसके अलावा विनोबा नगर टंकी से ग्लोबस गेट तक डामरीकरण जय बाबा स्कूल वाली सड़क पर डामरीकरण, अंबे माता चौक से राधे कृष्ण मंदिर होते हुए साईं बिल्डिंग तक डामरीकरण सड़क निर्माण एवं 80 फीट रोड से रत्नपुरी तक डामरीकरण कार्य के कार्य आदेश जारी कर दिए गए हैं।

पत्रिका

पत्रिका 3/3/22

## प्लाट पर गंदगी पाये जाने पर भगवान भाई पर 10 हजार का जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 1 मार्च मंगलवार को 3 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार न्यू रोड क्षेत्र में प्लाट पर गंदगी पाये जाने पर प्लाट मालिक भगवान भाई पर 10000, शहरी क्षेत्र में पशु पालन कर गंदगी करने पर सतीश व्यास पर 1000, खुले में कचरा एवं गंदगी करने पर विजय डामोर पर 500, रवि, शांतिलाल, अरबाज, लक्ष्मणसिंह सोनगरा, शिवशक्ति कैफे, राधेश्याम व योगेन्द्र पर 200-200 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविश्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

प्रसारण 3/3/22

## प्लॉट पर गंदगी मिली, 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

स्वच्छता अभियान में नगर निगम ने प्लॉट पर गंदगी मिलने पर उनके मालिकों पर कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। बुधवार को न्यू रोड के प्लॉट पर गंदगी पाए जाने पर उसके मालिक भगवान भाई पर 10000 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया।

इसी प्रकार पशु पालन कर गंदगी करने पर सतीश व्यास पर 1000 रुपए और विजय डामोर पर 500 रुपए, रवि, शांतिलाल, अरबाज, लक्ष्मणसिंह सोनगरा, शिवशक्ति कैफे, राधेश्याम व योगेंद्र पर 200 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया।

दै. भास्कर 3/3/22

# नगर निगम ने पकड़ी संपत्तिकर टेक्स चोरी

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोतम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार संपत्तिकर विभाग के अमले द्वारा नगर में 5000 स्क्वेयर फीट से अधिक के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, भवनों की नपती की जा रही है जिसके तहत विवरणी में दर्शाये गये क्षेत्रफल से अधिक का एरिया पाये जाने पर संबंधित पर अधिक क्षेत्रफल का बिल 5 गुना षास्ति के साथ दिया जा रहा है।

संपत्तिकर विभाग द्वारा 5000 स्क्वेयर फीट से अधिक के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, भवनों की नपती के तहत भवन का क्षेत्रफल अधिक पाये जाने पर अब्दुल अजीज-हुसैन बक्ष अल अजीज मार्केट को 346753, अब्दुल अजीज, अब्दुल रशीद-अब्दुल करीम अल रहमत मार्केट को 783586, मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद विकार, मोहम्मद अशफाक-अब्दुल रशीद ए के प्लाजा को 227598, श्रीमती सायरा बानो पति मोहम्मद उमर, एहमद हुसैन, मोहम्मद जाकिर, मोहम्मद इकबाल निखार मार्केट को 666072, पारसमल-पूनमचन्द, शारदा-षारसमल कॉलेज रोड को 397265, श्रीमती सावित्री देवी पति जगदीशचन्द्र माहेश्वरी महर्षि दयानन्द मार्ग 142350, पन्नालाल-झमकलाल, आशीष-पन्नालाल कटारिया बजाजखाना को 93541 व श्रीमती ललीताबाई पति छोटेलाल गांधी, मनसुखलाल-मगनलाल, अर्पित-मनसुखलाल गांधी चांदनी चौक को 427237 का धारा 138 के तहत बिल निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार दिया गया है। 7 दिवस की समयावधि में देय बिल की राशि जमा नही कराने पर शक्ति पत्र जारी कर संबंधित की संपत्ति कुर्क की जावेगी। प्रसारण।

प्रसारण/ 3/3/22

जिले में हर माह पांच सौ से अधिक लोगों को काट रहे

# श्वानों से लोग परेशान, जब दल पकड़ने पहुंचा तो किया विवाद

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** बुधवार सुबह अजंता टाकीज क्षेत्र में बधियाकरण के लिए श्वान पकड़ने पहुंचे दल के सामने विवाद की स्थिति बन गई। सूचना पर नगर निगम अधिकारी व पुलिस दल भी वहां पहुंचा। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामला शांत किया।

क्षेत्रवासियों के अनुसार बुधवार सुबह नौ बजे श्वान पकड़ने वाला दल क्षेत्र से एक श्वान पकड़कर वाहन से ले जा रहा था। तभी कुछ लोगों ने कहा कि क्षेत्र में और भी श्वान है, उन्हें भी पकड़कर ले जाएं और वापस इस क्षेत्र में न छोड़ा जाए। दल में शामिल कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें निर्देश है कि जिस क्षेत्र से श्वान पकड़े जाएंगे, बधियाकरण के बाद उन्हें उसी क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। इसी बीच कुछ लोगों ने अन्य श्वानों को पकड़ने का विरोध किया। दो-तीन व्यक्ति वाहन के सामने बैठ गए व पकड़े गए श्वान छोड़ने व नगर निगम अधिकारी को बुलाने की मांग करने लगे। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, स्टेशन रोड टीआइ किशोर पाटनवाला, बधियाकरण संस्था संतुलन जियो कल्याण के डा. कुलदीप मुनिया आदि भी पहुंचे। लोगों को समझाइश देने लगे। इसी बीच किसी ने वाहन का दरवाजा खोल दिया श्वान भाग निकले। अधिकारियों ने जैसे-तैसे मामला शांत कराया।

**जूते-चप्पल भी ले जाते हैं श्वान**

अजंता टाकीज क्षेत्र निवासी एडवोकेट पारसमल वया व रैना भंडारी ने बताया कि क्षेत्र में 25 से 30 श्वान घूमते रहते हैं। वे लोगों को काटते हैं, दोपहिया वाहनों के पीछे दौड़ते हैं, जिससे दुर्घटना होने का भय भी बना रहता है। लोगों के दरवाजों के पास रखे जूते-चप्पल तक मुंह से उठाकर ले भागते हैं। एडवोकेट वया ने बताया कि वे कलेक्टर से मिलकर अपनी बात रखेंगे। सनसिटी निवासी आशीष जैन ने बताया कि उनकी कालोनी में भी श्वान बड़ी संख्या में घूमते रहते हैं। डर के कारण बच्चों को घरों के बाहर खेलने भी नहीं भेज सकते।

**बालिका सहित दो लोगों की हो चुकी है मौत**

जिले में जनवरी माह में 570 तो फरवरी माह में 648 लोगों को श्वानों ने काटा था। वहीं श्वान काटने से दो माह में बालिका सहित दो लोगों की मौत हो चुकी है। पांच दिसंबर 2021 को समीपस्थ ग्राम रामपुरिया में आठ वर्षीय ममता पुत्री हरजी पारगी को श्वान ने काट लिया था। उसकी आठ जनवरी 2022 को तबीयत बिगड़ गई थी। स्वजन ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उसने दम तोड़ दिया था। वहीं आलोट तहसील के ग्राम धतुरियां निवासी 35 वर्षीय प्रहलादसिंह राठौर को 27 जनवरी को शादी समारोह में बाइक से जाते समय आलोट-नागेश्वर रोड पर में श्वान ने काट लिया था। उसे आलोट के सरकारी अस्पताल में वैक्सीन लगवाई गई थी। कुछ दिन बाद झटके आने पर जावरा के एक प्रायवेट अस्पताल ले जाया गया था, रैबिज के लक्षण होने की पुष्टि होने पर उसे इंदौर ले गए थे, वहां किसी प्रायवेट अस्पताल ने भर्ती नहीं किया। तब उसे उज्जैन के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर घर लाकर स्वजन उसे 20 फरवरी को उदयपुर ले जा रहे थे, तब उसने रास्ते में दम तोड़ दिया था।

**अब तक 1800 श्वान का बधियाकरण**

शहर में दिसंबर 2021 से श्वानों का बधियाकरण (नसबंदी) शुरू किया गया है। अब तक करीब 1800 श्वानों का बधियाकरण किया जा चुका है। पांच हजार श्वानों के बधियाकरण करने का लक्ष्य है।

- डा. कुलदीप पुनिया, संतुलन जियो कल्याण

नईदुनिया 3/3/22

# कलेक्टर ने निर्देश पर अब जिले में होगा पुरानी विकसीत कालोनियों का सर्वे, तत्कालीन समय में लागू इस नियम का पालन हुआ या नहीं, सात दिन में सत्यापन कर रिर्पोट देने के लिए कहा



प्रसारण न्यूज • रतलाम

जिले में अवैध कालोनियों पर सख्ती से कार्रवाई के बाद अब कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पुरानी विकसित कॉलोनियों की ओर भी नजर घुमा दी है। जिले में पूर्व में विकसित कॉलोनी में उस समय लागू नियमों का पालन हुआ है या नहीं इस बात के सत्यापन के निर्देश कलेक्टर ने प्रशासनिक अमले को दिए हैं। जानकारी के अनुसार पूर्व में विकसित कॉलोनी में 15 प्रतिशत प्लाट( श्रङ्कुस) कमजोर आय वर्ग के लोगों के लिए आरक्षित करने का नियम था। लेकिन इस तरह की शिकायतें प्रशासन को मिल रही है कि कई जगह इन ईडब्ल्यूएस प्लाटों को अन्य लोगों को विक्रय कर दिया गया है। इस तरह की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रतलाम शहर, जावरा, सैलाना सहित अन्य स्थानों पर पूर्व विकसित कॉलोनियों में आरक्षित ईडब्ल्यूएस प्लाटों के सत्यापन के निर्देश प्रशासनिक अमले को दिए हैं। कलेक्टर ने 7 दिन में कॉलोनियों का सर्वे कर इस संबंध में रिपोर्ट देने के लिए कहा है। सूत्रों के अनुसार यदि ईडब्ल्यूएस प्लाटों को लेकर गड़बड़ी मिलती है तो प्रशासन द्वारा संबंधित कॉलोनाइजर के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

## पहले और अब नियम

पूर्व में कॉलोनी को विकसित करने पर 15त्न प्लॉट कमजोर आय वर्ग के लोगों के लिए आरक्षित करने का नियम था। इसके बाद नियम में परिवर्तन कर ईडब्ल्यूएस के लिए मकान बनाकर देने का नियम किया गया। अब नियमों में परिवर्तन कर कॉलोनाइजर को आश्रय शुल्क जमा करने की सुविधा दी गई है।

प्रसारण

## इनका कहना है

इस तरह की शिकायतें मिली है जिसमें पूर्व में विकसित कॉलोनियों में उस समय के नियम के अनुसार ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित प्लाटों को गलत तरीके से अन्य को विक्रय कर दिया गया है। इसलिए पूर्व विकसित कॉलोनियों का सर्वे कर ईडब्ल्यूएस प्लाटों के सत्यापन के निर्देश दिए गए है।

• कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर रतलाम

प्रसारण 3/3/22

## नगर निगम टीम ने दूसरे दिन 490 पौधे लगाए

**रतलाम** | नगर निगम द्वारा अंकुर अभियान के दूसरे दिन 490 पौधे लगाए। गोपाल गोशाला कॉलोनी बगीचा, अटल उद्यान, राजेंद्र नगर, भगत सिंह, ओसवाल नगर, गांधीनगर, नगर निगम उद्यान के अलावा जैन कॉलोनी, थावरिया बाजार, रामबाग, वकील कॉलोनी, महालक्ष्मी नगर, समता परिसर, गुलमोहर कॉलोनी, मित्र निवास कॉलोनी, गुलाब चक्कर, जवाहर नगर, विनोबा नगर, अंबिका नगर, सरस्वती नगर, क्रिश्चियन कॉलोनी में पौधरोपण किया। इसमें शीशम, केशिया, गुड़हल, नीम, करंज, अमलतास, कनेर आदि प्रजातियों के पौधे रोपे। मंगलवार को 525 पौधा लगाए थे।

दै. भास्कर 3/3/22

## 27 सफाई कर्मचारियों पर कार्रवाई

**रतलाम** | सुबह व दोपहर की सफाई व्यवस्था से बिना बताए अनुपस्थित रहने वाले 27 कर्मचारियों पर बुधवार को कार्रवाई हुई है। इसमें एक दिन का वेतन काटने के साथ बर्खास्त करने का नोटिस भेजा है। पर्यवेक्षकों की चेकिंग में सुबह 19, जबकि दोपहर 8 कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं मिले। किसी ने भी दरोगा से न तो छुट्टी ली थी न सूचना दी। इसी प्रकार रात की सफाई व्यवस्था से गैरहाजिर रहे 3 सफाई कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटा जाएगा। अमित बालकिशन, विशाल कैलाश, राजेश मोहनलाल शामिल हैं।